मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-498
25/09/2023

# स्व0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना 25 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर राजेन्द्र नगर, रोड नम्बर–3 स्थित पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में स्व0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन–कीर्तन एवं बिहार गीत का गायन किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। स्व0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जंयती समारोह में आप शामिल हुए हैं लेकिन उनकी पार्टी के लोग शामिल नहीं हुए हैं पत्रकारों के इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो पहले साथ थे लेकिन आज इस कार्यक्रम में नहीं आए तो वे जानें। स्व0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को लेकर जो चीज पहले से सरकार की ओर से तय की हुयी है, उसमें सबलोग आते हैं। हम तो सबकी इज्जत करते हैं, सबका सम्मान करते हैं। हम सबलोगों के लिए काम कर रहे हैं। आगे भी हमलोग विकास का काम यूं ही करते रहेंगे। हम बार–बार कहते हैं कि हम पत्रकारों के पक्षधर हैं।

एन0डी0ए0 की तरफ झुकाव को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की फालतू बातें क्यों करते हैं। हम तो विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगे हुए हैं।

आपकी पार्टी के नेता श्री महेश्वर हजारी ने आपको पी0एम0 मैटेरियल बताया है पत्रकारों के इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे किसी पद की लालसा नहीं है। मैं सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगा हुआ हूं।

'इंडिया' गठबंधन की अगली बैठक कब होगी और आगे की रणनीति क्या होगी, इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कमिटियां बन गई हैं, मीटिंग हो रही है। हम इस काम में उनलोगों को सुझाव दे रहे हैं, सभी लोग लगे हुए हैं। आगे सबकुछ तय कर लिया जाएगा।

खुसरूपुर में दलित महिला के साथ हुयी घटना से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी के साथ भी कोई घटना होती है तो निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है। कोई भी गड़बड़ करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आज कैबिनेट बुलाई गई है, इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट की बैठक कल होनी थी लेकिन उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी को बाहर जाना है इसलिए आज ही कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है और कोई विशेष बात नहीं है।

जाति आधारित गणना की रिपोर्ट कब सार्वजनिक की जाएगी, इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि वो काम लगभग पूरा कर लिया गया है, रिपोर्ट के तैयार होते ही पब्लिश कर दिया जाएगा।

आपके जाने के बाद भाजपा नेता श्री सुशील कुमार मोदी इस कार्यक्रम में आ रहे हैं इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि समय पर आने में क्या ऐतराज था, जिसको जो मन में है करे, मुझे इससे क्या लेना–देना है?

******